28/8/93

जनआन्दोलन समन्वय समिति
राजनैतिक समिति परिपत्र क्र. ३/९३

राष्ट्रीय कार्यालय , राही चेंबर्स
२० सदाशिव पेठ, पुणे ४११०३०
ता. २८.८.९३

जन आन्दोलन समन्वय समिति (ज स स) राजनैतिक समिति की दो दिवसीय बैठक १३-१४ अगस्त १९९३ को वाराणसी(संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर) मे संपन्न हुअी. उक्त बैठक मे सर्वश्री अजित सरदार, विश्वनाथ बागी, जुगल किशोर रायबीर, आमेप्रकाश, शेख हमीद, सोमनाथ त्रिपाठी, सुनील, लिंगराज तथा किशन पटनायक और डा. स्वाती शामिल हुअे.

(१) दिअे गअे जानकारी के मुताबिक पुणे बैठक (३-४ फरवरी ९३) के अिस बीच साथी किशन पटनायक की ओर से दूसरे कअी समूहों के साथ संपर्क किया गया है. सोशलिस्ट फ्रंट, महाराष्ट्र का स्थापना अधिवेशन , जन आंदोलनों का राष्ट्रीय समन्वय (National Alliance of people's movements) की बैठको तथा मार्च ३ ता. को कर्नाटक रैयत संघ और किसान यूनियन के पहल पर आयोजित डंकल विरोधी किसान रैली मे शरीक होना अिस संदर्भ मे अुल्लेखनीय हैं. अिस संदर्भ मे बहुजन महासंघ (नवगठीत संगठन) महाराष्ट्र मे युक्रांद की भागीदारी भी अुल्लेखनीय है.

(२) महाराष्ट्र सोशलिस्ट फ्रंट तथा बहुजन महासंघ के साथ संपर्क के संबंध मे यह निर्णय लिया गया की अिस बीच अुनके निति वक्तव्य का अध्ययन करके अुनसे संवाद चलाया जाअेगा.

(३) जन मुक्ति संघर्ष वाहिनी(जसवा) राष्ट्रीय कार्यालय से प्राप्त अेक पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि ज स स के साथ रिश्ते के संदर्भ मे ज स वा तथा छात्र युवा संघर्ष वाहिनीने संयुक्त रूप से कुछ निर्णय लिये है. अुस निर्णय के अनुसार ज स स मे अुनकी भागीदारी पर्यवेक्षक के रूप मे रहेगी. राजनैतिक समिति मे शामिल होनेवाले अुनके सदस्य व्यक्तिगत हैसियत से रहेंगे. अिस निर्णय की रोशनी मे ज स वा के प्रतिनिधी साथी विश्वनाथ बागी तथा शेख हमीद ने राजनैतिक समिति से अिस्तीफा देने का आग्रह किया ज स स राष्ट्रीय समिति की अगली बैठक मे अिस मसले पर निर्णय लिया जाअेगा.

(४) आगामी १५-२० नवंबर १९९३ को ज स स राजनैतिक समिति का अेक शिबिर अुत्तरबंग तपसिली जाति अेवं आदिवासी संगठन के तत्वावधान मे आयोजित किया जाअेगा. जलपायगुडी स्थित बेनकादि ग्राम मे शिबिर होगा. (विस्तृत जानकारी बाद मे भेजी जाअेगी) शिबिर मे चर्चा के प्रमुख मुद्दे होंगे - (१) पारगाव शिबिर मे चिन्हित विवादिय मुद्दे (२) राजनैतिक दल निर्माण की रणनीति (३) ज स स व जन आन्दोलनों के साथ सम्पर्क का ढाँचा (४) दल का राजनैतिक चरित्र अेवं संस्कृती और (५) ज स स के बाहर के समूहों से चर्चा के मुद्दे .

पारगाव चिन्हित चार मुद्दोपर शिबिरसे पूर्व पर्चा तैयार करने के लिये निम्न प्रकार जिम्मेवारी सौंपी गयी है. जाती और आरक्षण सवाल पर साथी शांताराम पंदेरे, और कार, विकास नीति और तकनीक पर साथी अजित सरदार और डा. स्वाती, आन्तरिक अुपनिवेशवाद पर फेबियानुस तिर्की और अजित सरदार, तथा विकेंद्रिकरण पर साथी सुनील पर्चा तैयार करेंगे. अिसके अलावा राजनैतिक चरित्र तथा संस्कृति पर सुनील और योगेन्द्र यादव तथा दल

.... २

निर्माण की रणनीति के बारेमे साथी साथी विश्वनाथ बागी और जुगल किशोर रायबीर चर्चा लिखेंगे . (तैयार पर्चो को साथी योगेन्द्र यादव के पास भेजना है वह उसका वितरण करेंगे)

(५) दूसरे समूहों वा संगठनों साथ बात करने के लिये अेक अप्रोच पेपर तैयार किया जाअेगा जिसे साथी अजित सरदार लिखेंगे.

कार्यक्रम संबंधी निर्णय
----

(६) जनान्दोलनों का राष्ट्रीय समन्वय (NAPM) की १० अगस्त की दिल्ली बैठक मे सुझाया गया हेकि आगामी २-८ अक्तूबर तमाम संगठनो व जनान्दोलनो की ओरसे राष्ट्रव्यापी सात दिन का कार्यक्रम चलाया जाय. जिसी दरम्यान ज स स के हर घटक संगठनों की ओरसे नयी आर्थिक नीति ओर डंकेल प्रस्ताव का विरोध, सांप्रदायिक ताकदो के खिलाफ,सामाजिक न्याय, जल जंगल जमीन को लेकर जनता का अधिकार,सांस्कृतिक गुलामी जैसे सवालो को लेकर वैचारिक गोष्टी,सभाओ,सम्मेलन,आयोजित किया जाअेगा.डंकेल प्रस्ताव को अस्वीकार करने की मॉग हर जगह से सम्मेलन के माध्यम से उठाया जाअेगी.तथा राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजे जाअेंगे. उसकी अेक प्रति ज स स कार्यालय को भेजी जाअेगी.

(७) आगामी २-३ डिसेंबर को (भोपाल गॅस कांड (युनियन कार्बाइड संयत्र मे दुर्घटना) की बरसी होगी. जिस मौके पर भोपाल मे देश के सहमना संगठनो का नमावडा का प्रस्ताव ज स स की ओरसे किया गया है. बहुराष्ट्रीय कंपनीयों के काले कारनामो के जनआक्रोश प्रकट करने तथा डंकेल प्रस्ताव अस्वीकार करने की मॉग लेकर अेक चेतावनी के रुपमे यह रैली आयोजित होगी.सबसे पहले मध्यप्रदेश स्तर पर सहमना संगठनोंके बीच जिस कार्यक्रम के लिये सम्मती हो जाने के बाद ज स स की तरफ से व्यापक पहल किया जाअेगा. प्रारंभिक तैयारी की जिम्मेवारी मध्य प्रदेश के साथी सुनील को दि गयी है.

(८) केंद्रिय कार्यालय के लिअे स्थाय कोष निर्माण हेतु व्यापक अभियान चलाने के लिअे निर्णय हुआ है.

(९) केरलम के वरिष्ठ विचारक श्री. पी. बी. कुरियन का पिछले दिनो देहान्त हो समिति बैठक मे उनको आदरांजली अर्पित कि गयी.

आभ्रीलव१९९१८

विश्वनाथ बागी
(निमंत्रक , राजनैतिक सति)

अजित सरदार
(संयोजक , जनन्दोलन समन्वय समिति)